## राजस्थान ने अपनाया दिल्ली का डोरस्टेप मॉडल

# ई-मित्र @ होम : 73 रु. में घर बैठे बनेंगे जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र

**अर्पित शर्मा . जयपुर** | अब ई- मित्र आपके घर पहुंचेगा। घर बैठे जन्म-मृत्यु से लेकल मैरिज सर्टिफिकेट और ई- मित्र से जुडे अन्य काम कराए जा सकेंगे। इसके लिए 73 रुपए शुल्क देना होगा। इसे लेकर सरकार प्रदेश में ई-मित्र एट होम (डोर स्टेप डिलीवरी) सेवा शुरू करने वाली है। पहले चरण में जयपुर और जोधपुर को इसकी सौगात मिलेगी। प्रदेश में 85 हजार ई-मित्र केंद्र 500 से ज्यादा सेवाएं दे रहे हैं। इनमें 25 हजार शहरी और 60 हजार ई-मित्र गांवों में हैं। ई मित्र के जरिए आधार, जनाधार से लेकर ट्रांजेक्शन, बैंकिंग, बर्थ, डेथ, मैरिज सर्टिफिकेट, बिल पेमेंट व अन्य कई काम होते हैं।

## फोन पर मिलेगी सर्विस

दिल्ली की डोरस्टेप सर्विस को देख राजस्थान में यह योजना लॉन्च होगी। लोगों को हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करना होगा। फिर पास का ई-मित्र संचालक घर आएगा, जरूरी दस्तावेज अपलोड करेगा। अगले दिन कार्ड या संबंधित दस्तावेज तैयार कर घर देकर जाएगा। इसका 73 रु. चार्ज लगेगा

*प्रदेश में ई-मित्र नेटवर्क अच्छा है। ई-मित्र की सुविधाएं घर पर लोगों को मिलें, ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं।*

**-संदेश नायक,** कमिश्नर सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग